सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक
https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक
https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक
https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/
English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-under-standing-the-feel-good-hormone/

SABGURU NEWS

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

RNI TITLE CODE NO. RAJBIL27046

खबरों के लिए स्कैन करें

वर्ष 1 | अंक 18 | अजमेर, रविवार 10 मार्च 2024 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4

## सम्पादकीय

## ‘मोदी का परिवार‘ अभियान विपक्षी दलों के लिये चुनावों में भारी पड़ सकता है

बिहार की राजधानी पटना में आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव के बयान कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास परिवार ही नहीं है। वो हिंदू नहीं हैं। हिंदू अपनी मां के श्राद्ध में दाढ़ी.बाल बनवाता है। मोदी की माताजी का जब देहांत हुआ तो उन्होंने बाल.दाढ़ी क्यों नहीं बनवाया इस तरह के बेतुके आधारहीन एवं अमर्यादित बयान के विरोध में पूरी भारतीय जनता पार्टी उतर आई है। अब भाजपा और विपक्षी दलों के बीच परिवारवाद के मुद्दे पर वार-पलटवार जारी है। मोदी के परिवार एवं विपक्षी दलों के परिवारवाद को लेकर बड़ी बहस चल रही है लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को विपक्ष के एक आरोप चौकीदार चोर है का भारी लाभ मिला था तब भाजपा ने मैं भी चौकीदार अभियान चलाया था। उसी तरह वर्ष 2024 के आम चुनाव से पूर्व मोदी का परिवार अभियान शुरू कर दिया है जिसका भाजपा को भरपूर लाभ मिल सकता है विपक्षी दलों की इस भूल के कारण भाजपा न केवल 370 सीटों के लक्ष्य को हासिल करेगी बल्कि उनका गठबंधन 400 से पार जायेगा। निश्चित ही चुनाव का समय बहुत संवेदनशील होता है जिसमें विवादित एवं व्यक्तिगत बयानों से बचना जरूरी होता है। विशेषतः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता और उनकी चुनावी रणनीति से भड़के कांग्रेस के नेता राहुल गांधी, आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव एवं विपक्षी दलों के नेता अपनी जुबान संभाल नहीं पा रहे। जैसे-जैसे मोदी एवं भाजपा का चुनावी अभियान तीक्ष्ण उग्र एवं नियोजित होता जा रहा हैए वैसे.वैसे उनके प्रति विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की बौखलाहट बढ़ती जा रही है।प्रधानमंत्री मोदी ने परिवार ना होने को लेकर विपक्ष के हमले पर पलटवार करते हुए पूरे भारत को अपना परिवार करार दिया और अपने जीवन को एक खुली किताब बताते हुए कहा कि लोगों की सेवा करने के सपने के साथ उन्होंने कम उम्र में ही घर छोड़ दिया था। लगता है मोदी के परिवारवादी राजनीति के बयानों का विपक्ष के पास कोई प्रभावी जवाब नहीं है तभी ऐसे बचकाने बयानों से दूषित राजनीति करने से विपक्षी दल स्वयं को बचा नहीं पा रहे हैंए दूसरी ओर मोदी ने ऐसे राजनेताओं एवं राजनीतिक दलों पर हमला बोलते हुए कहा कि विपक्षी नेताओं एवं दलों के अलग-अलग चेहरे हो सकते हैं लेकिन झूठ और लूट का उनका चरित्र समान है। प्रधानमंत्री मोदी ने लालू के आरोप पर पलटवार करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण में आकंठ डूबे इंडी गठबंधन के नेता बौखलाते जा रहे हैं। मोदी निश्चित रूप से एक बड़े 140 करोड़ लोगों के परिवार से जुड़े हुए हैं। देश की जनता के सामने मोदी का जीवन खुली किताब जैसा है। देशवासी मोदी को भली-भांति जानते हैं समझते हैं। उनकी पल.पल की खबर रखते हैं। देर रात तक अगर मोदी काम करते है तो देश से लाखों लोग उन्हें इतना काम नहीं करने एवं कुछ आराम करने की सलाह देते हैं यह प्यार है मोदी परिवार का उनके प्रति। निश्चित ही मोदी ने एक सपना लेकर बचपन में घर छोड़ा था। वे देशवासियों के लिये जीने का एक सपना लेकर चले थे। मोदी का कोई निजी सपना नहीं है देश एवं देशवासियों के सपने ही उनके संकल्प हैं। इसलिए देश के 140 करोड़ लोग ही उनका परिवार हैं जिसमें युवा, बेटियां, बुजुर्ग सभी हैं। जिनका कोई नहीं हैए उनके मोदी हैं। मेरा भारत मेरा परिवार इसी भावना का विस्तार लेकर वे सपनों को सच के साथ सिद्ध करने के लिए जी रहे हैं। पूरा देश मोदी का परिवार है।भाजपा के बड़े नेताओं ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने नाम के आगे मोदी का परिवार लिखने का एक महा.अभियान शुरु कर दिया हैए जो विपक्षी दलों के लिये भारी पड़ने वाला है। चुनाव के माहौल में विपक्षियों के बयान को भाजपा ऐसा मुद्दा बना लेती हैए जिससे खुद विपक्षी नेता घिरते नजर आते हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में रफल की डील को लेकर जब राहुल गांधी ने चौकीदार चोर है कहा तो भाजपा ने मैं भी चौकीदार की ऐसी मुहिम चलाई कि वह विपक्ष पर ही भारी पड़ी। लालू के बयान के बाद अब मोदी का परिवार मुहिम को भाजपा उसी तरह फोकस कर रही है। भाजपा नेताओं के मुताबिकए यह पूरी मुहिम चुनाव प्रचार के दौरान भी दिखाई देगी। यह अभियान चुनाव तक जारी रहेगा। भाजपा कांग्रेस सहित विपक्षी गठबंधन पर परिवारवाद को लेकर निशाना साधती रही है। हाल ही में हुए भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में भी गृहमंत्री अमित शाह ने परिवारवाद को लेकर विपक्ष पर खूब तंज कसा था।

## चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने दिया इस्तीफा



नई दिल्ली। एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति द्रौपद्री मुर्मु ने गोयल का इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। यह जानकारी विधि एवं न्याय मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर दी है। अरुण गोयल के अचानक पद से इस्तीफा देने से तीन सदस्यीय चुनाव आयोग में अब केवल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ही रह गए हैं। गोयल के इस्तीफा देने से पहले ही आयोग में चुनाव आयुक्त का एक पद खाली था।

# दुनिया को भारत के बारे में बताएं रचनाकार - मोदी

### राष्ट्रीय सृजन पुरस्कार-2024



Pm's interaction with the winners of first-ever National Creators Awards

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से दुनिया को भारत के बारे में जानकारी देने के लिए सृजन अभियान चलाने का आह्वान किया है जिसमें भारत की कहानियों, संस्कृति विरासत और परंपराओं के बारे में बताया जाए।मोदी ने शुक्रवार को यहां भारत मंडपम में पहला राष्ट्रीय सृजन पुरस्कार (national creators award 2024) प्रदान किया। उन्होंने विजेताओं के साथ संक्षिप्त बातचीत भी की। यह राष्ट्रीय पुरस्कार कहानी कहने सामाजिक बदलाव की वकालत करने पर्यावरणीय स्थिरता शिक्षा और गेमिंग सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्टता और उसके प्रभाव को सम्मानित करने का एक प्रयास है। इस पुरस्कार की कल्पना रचनात्मकता के जरिए सकारात्मक बदलाव लाने के लिए एक लॉन्चपैड के रूप में की गई है।प्रधानमंत्री ने इन पुरस्कारों के लिए भारत मंडपम स्थल का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के रचनाकार आज उसी स्थान पर एकत्र हुए हैंए जहां से विश्व नेताओं ने जी20 शिखर सम्मेलन में भविष्य को दिशा दी थी।उन्होंने जोर देकर कहा कि बदलते समय और नए युग के आगमन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना देश की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि देश आज पहले सृजन पुरस्कारों के साथ उस जिम्मेदारी को पूरा कर रहा है। प्रधानमंत्री ने भविष्य का पहले से विश्लेषण करने की क्षमता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय सृजन पुरस्कार नए युग को उसकी शुरुआत से पहले ही पहचान दे रहे हैं।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रीय सृजन पुरस्कार आने वाले समय में नए युग को ऊर्जा देकर और युवाओं की रचनात्मकता तथा दैनिक जीवन के पहलुओं के प्रति संवेदनशीलता का सम्मान करते हुए एक मजबूत प्रभाव स्थापित करेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भविष्य में राष्ट्रीय सृजन पुरस्कार रचनाकारों के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत बनेंगे और उनके काम को एक पहचान दिलाएंगे।प्रधानमंत्री ने कहा कि सामग्री और रचनात्मकता के बीच सहयोग से जुड़ाव बढ़ता है सामग्री और डिजिटल का सहयोग बदलाव लाता है और उद्देश्य के साथ सामग्री निर्माण अपना प्रभाव दिखाता है। मोदी ने विषय वस्तु रचनाकारों से समाज में प्रेरणा लाने का अनुरोध किया। उन्होंने रचनाकारों से लड़के और लड़कियों का पालन.पोषण करते समय माता-पिता में समानता की भावना को प्रगाढ़ करने के लिए प्रेरक विषय वस्तु तैयार करने का आग्रह किया। उन्होंने उनसे समाज के साथ जुड़ने और इस सोच को हर घर तक ले जाने की बात कही। उन्होंने भारत की नारी शक्ति की क्षमताओं को प्रदर्शित करने का आग्रह भी किया।मोदी ने विषय वस्तुकारों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आइए हम भारत पर एक सृजन अभियान चलाएं। आइए हम भारत की कहानियों संस्कृति विरासत और परंपराओं को पूरी दुनिया के सामने लाएं। आइए हम भारत का निर्माण करें और विश्व का निर्माण करें। भारत के प्रति दुनिया की जिज्ञासा को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री ने रचनाकारों से अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए जर्मन, फ्रेंच, स्पेनिश आदि संयुक्त राष्ट्र की भाषाओं में सामग्री तैयार करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव भी उपस्थित थे। राजस्थान के अजमेर से भी इस आयोजन में 7 क्रिएटर्स को शिरकत करने का अवसर मिला। इनमें सबगुरु न्यूज के संपादक विजय मौर्य कल का सम्राट के संपादक विनोद गौतम, राष्ट्रदूत से शिव शर्मा, किशनगढ से विकास छाबडा अजमेर के जेठाना से नरेन्द्र आचार्य को भी भाग लेने का अवसर मिला।

## लोकसभा चुनाव 2024 कांग्रेस की पहली सूची में 39 उम्मीदवार घोषित



नई दिल्ली। कांग्रेस ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए 39 उम्मीदवारों की पहली सूची शुक्रवार को जारी कर दी जिसमें पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को वायनाड से संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल को अल्पपुज्जा तथा छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राजनांदगांव से टिकट दिया गया है।कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, पार्टी कोषाध्यक्ष अजय माकन तथा संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यहां संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी दो-तीन सप्ताह से लोकसभा चुनाव से जुड़े काम तेजी से शुरू कर देगी। उन्होंने कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 17 मार्च को समाप्त हो रही है और उस दिन बड़ी रैली का आयोजन किया गया है जिसमें इंडिया गठबंधन के नेताओं को भी आमंत्रित किया जा रहा है। उसके बाद पार्टी पूरी तरह से लोकसभा चुनाव के काम में लग जाएगी। उन्होंने बताया कि पार्टी ने पहली सूची में जातिगत समीकरणों का पूरा ध्यान रखा है और यह अत्यंत संतुलित सूची है। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की अगली बैठक 11 मार्च को होगीए जिसमें उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में पार्टी के उम्मीदवारों के नामों पर विचार किया जाएगा। इस सूची में केरल कर्नाटक, तेलंगाना तथा छत्तीसगढ़ के ज्यादा उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं।

कांग्रेस उम्मीदवारों की सूचीः-शिव कुमार डहरिया.जांजगीर चांपा सुरक्षित छत्तीसगढ़, ज्योत्सना महंत.कोरबा छत्तीसगढ़, भूपेश बघेल राजनांदगांव छत्तीसगढ़, राजेंद्र साहू दुर्ग छत्तीसगढ़, विकास उपाध्याय रायपुर छत्तीसगढ, ताम्रध्वज साहू महासमुंद छत्तीसगढ़, एचआर एल्गार राजू बीजापुर सुरक्षित कर्नाटक, आनंद स्वामी जी मठ कावेरी कर्नाटक, गीता शिवराज कुमार शिमोगा कर्नाटकए एम श्रेयांस पटेल हसन कर्नाटक, एसपी मुदाहनुमएगोड़ा मांड्या कर्नाटक, डीके सुरेश बेंगलूरू ग्रामीण कर्नाटक, राजमोहन उन्नीथन कासरगोड केरल, के सुधाकरण कन्नूर केरल, शशि परमबिल वाडकरा केरला, राहुल गांधी वायनाड केरल। एमके राघवन कोझिकोड केरल, वीके श्रीकंदन पल्लकड केरल, राम्या हरिदास अल्थुर सुरक्षित केरल, के मुरलीधर त्रिशूर केरल, बेन्नी बेहनान चलाकुड्डी केरल, हिबी ईडन एर्नाकुलम केरल, डीन कुरियाकोस इडुक्की केरल, केसी वेणुगोपाल अलपुज्जा केरल, के सुरेश सुरक्षित मवेल्लीकरा केरल, एंटो एंटनी पथनमतिथा केरल, ए प्रकाश अटिंगल कदल, डॉ शशि थरूर तिरुवनंतपुरम केरल, मोहम्मद हमीदुल्लाह सईद लक्षद्वीप अंजजा लक्षद्वीप, वीसेंट एच पाला शिलांग अजजा मेघालय, एस एस जमीर नगालैंड, सेलेंग ए संगमा तुरा सुरक्षित मेघालय, गोपाल छेत्री सिक्किम, सुरेश कुमार शेतकर जहीराबाद तेलंगाना, रघुवीर कुंदरू नालगोंडा तेलंगाना, सीवी चंदद रेड्डी महबूबनगर तेलंगाना,बलराम नायक पोरीका महबूबनगर सुरक्षित तेलंगाना तथा आशीष कुमार साहा त्रिपुरा पश्चिम त्रिपुरा शामिल है।

## आसिफअली जरदारी ने पाकिस्तान का राष्ट्रपति चुनाव जीता



इस्लामाबाद। पाकिस्तान में सत्तारूढ़ गठबंधन के उम्मीदवार आसिफ अली जरदारी ने शनिवार को पाकिस्तान के राष्ट्रपति चुनाव में भारी बढ़त के साथ जीत हासिल की। पाकिस्तान चुनाव आयोग ने शनिवार शाम इसकी घोषणा की। आयोग ने कहा कि जरदारी ने संसद और चार प्रांतीय विधानसभाओं सहित सभी निर्वाचक मंडलों से 411 वोट लेकर चुनाव जीता। जरदारी को सीनेट और नेशनल असेंबली सहित संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र में 255 वोट मिलेए पूर्वी पंजाब प्रांत से 43 वोटए उत्तर.पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से आठ वोट, दक्षिण.पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत से 47 वोट और दक्षिणी सिंध प्रांत से 58 वोट मिले। जरदारी के प्रतिद्वंद्वी और विपक्षी दलों के संयुक्त उम्मीदवार महमूद खान अचकजई को कुल 181 वोट मिले। जरदारी ;68 निवर्तमान राष्ट्रपति आरिफ अल्वी की जगह लेंगे। जिन्हें शुक्रवार को पहले ही विदाई गार्ड ऑफ ऑनर मिल चुका है। वर्ष 2008 से 2013 तक देश के 11वें राष्ट्रपति के रूप में कार्य करने के बाद राष्ट्रपति के रूप में यह जरदारी का दूसरा कार्यकाल होगा। जरदारी को आठ फरवरीए 2024 को आम चुनाव में नेशनल असेंबली का सदस्य चुना गया था। देश के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने से पहले हालांकि उन्हें नेशनल असेंबली से इस्तीफा देना होगा।

## मगरमच्छ से संघर्ष कर मौत के मुंह से बचकर निकल चरवाहा

करौली भरतपुर। राजस्थान के भरतपुर संभाग में करौली के करणपुर में चंबल नदी किनारे 10 फुट लम्बे एक मगरमच्छ के साथ करीब 10 मिनट तक संघर्ष कर एक चरवाहे के मौत के मुंह से बचकर निकल आने की आश्चर्यजनक घटना सामने आई है।चंबल नदी में करीब 15 मीटर गहरे पानी के अंदर मगरमच्छ के साथ इस संघर्ष में गम्भीर रूप से घायल चरवाहे को करणपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया हैए जहां चिकित्सकों ने उसके पैर में आठ टांके लगाए हैं।कैमोखरी गांव निवासी 58 वर्षीय मोतीलाल नाथ नदी किनारे गूलर घाट पर बकरियां चराते हुए पानी पीने के लिए नदी किनारे गयाए ज़हां पहले से ही घात लगाकर बैठे मगरमच्छ ने उनका एक पैर जबड़े में पकड़ लिया और उसको पानी के अंदर खींच ले गया।मोतीलाल नाथ के अनुसार एक बार तो उसे लगा कि अब वह नहीं बचेगा लेकिन उसने मगरमच्छ के जबड़े को ऊपर और नीचे से खींच कर चौड़ा कर छूटने के प्रयास के साथ उसके मुंह पर मुक्के मारे। इस दौरान मगरमच्छ के नुकीले दांत हाथ और पैरों में चुभते रहे। इसी दौरान उसकी अंगुली मगरमच्छ की आंख में लगने से मगरमच्छ की पकड़ ढीली होते ही वह छूट कर भागा औऱ नदी किनारे चिल्लाकर लोगों को बुलाया।



## कोटा में एक माह से लापता बालिका दस्तयाब

कोटा। राजस्थान में कोटा जिले की रामगंज मंडी थाना पुलिस ने एक महीने से लापता नाबालिग बालिका को झालावाड़ जिले के पनवाड़ से दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। जिला पुलिस अधीक्षक ;ग्रामीण करन शर्मा ने बताया कि खैराबाद निवासी फरियादी ने नौ फरवरी को नाबालिग बालिका के लापता होने की थाना रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।थानाधिकारी रामनारायण भंवरिया के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। साथ ही बच्ची की सूचना देने पर पांच हजार रुपए के इनाम की घोषणा की गई। पुलिस टीम ने सूचना एवं तकनीकी जानकारी के आधार पर टीम ने पनवाड थाना क्षेत्र के हरिगढ़ इलाके से बालिका को दस्तयाब कर लिया। जिससे घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है। इस कार्रवाई में कांस्टेबल भूपेंद्र नागर का विशेष योगदान रहा।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रोहित पवार की संपत्तियां कुर्क

मुंबई। महाराष्ट्र में प्रवर्तन निदेशालय ;ईडी ने शुक्रवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी विधायक रोहित आरण्पवार की 50 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति कुर्क कर ली। रोहित पवार राकांपा अध्यक्ष शरद पवार के पोते हैं।उन्होंने बताया कि कुर्क की गई संपत्तियों में 161.30 एकड़ जमीन साथ ही कन्नड़, छत्रपति संभाजीनगर में एक चीनी संयंत्रए मशीनरी और इमारतें शामिल हैं। इनका स्वामित्व रोहित पवार की अध्यक्षता वाली बारामती एग्रो लिमिटेड के पास है।यह कुर्की महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक द्वारा बारामती एग्रो लिमिटेड को चीनी मिलों की अवैध बिक्री से संबंधित एक कथित मनी.लॉन्ड्रिंग मामले में हुई हैए जिसके रोहित पवार सीईओ हैं।उन्होंने बताया कि संपत्तियों को मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम ;पीएमएलए मामले के तहत अस्थायी रूप से संलग्न किया गया है।

## बेंगलूरु कैफे विस्फोट के संदिग्ध का वीडियो जारी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ;एनआईए ने शुक्रवार को बेंगलूरु के रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले से जुड़े संदिग्ध का एक वीडियो जारी किया और उसकी पहचान करने में नागरिकों से सहयोग मांगा। एनआईए ने नागरिकों से कहा कि अगर उनके पास संदिग्ध के बारे में कोई जानकारी है तो वे इन नम्बरों पर 08029510900, 8904241100 पर कॉल करें या ईमेल करें।एनआईए ने कहा कि उनकी पहचान गोपनीय रहेगी।

### जयपुर में सदाकाल गुजरात कार्यक्रम-2024

## गुजरात के उद्योगपति करें राजस्थान में निवेश सरकार करेगी हरसंभव मदद: भजनलाल शर्मा





जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुजरात और राजस्थान के बीच सदियों से गहरे रिश्ते बताते हुए कहा है कि ये संबंध हमारे बीच आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक सहयोग को निरंतर मजबूत कर एक सुनहरे भविष्य की राह प्रशस्त कर रहे हैं।शर्मा शुक्रवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित सदाकाल गुजरात कार्यक्रम-2024 को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दोनों रा'य संस्कृतिए वेशभूषा और खान.पान को एक.दूसरे से इस तरह साझा करते हैं कि राजस्थानी और गुजराती एक ही परिवार के सदस्य लगते हैं। दोनों राज्यों के लोक नृत्यों जैसे गरबा, घूमर, भवाई और लोक संगीत एवं लोक कथाओं में गहरा संबंध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुजरात के लोग देश.विदेश में एक विशिष्ट पहचान रखते हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल, यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह जैसी हस्तियां गुजरात से ही आती हैं। आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत पर पूरी दुनिया का विश्वास बढ़ा है और वह पूरे विश्व को नई राह दिखा रहे हैं और सभी देश उनसे प्रभावित हैं।शर्मा ने कहा कि आज दुनिया के सबसे सफल व्यवसायियों में गुजराती एवं मारवाड़ी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान अपने समृद्ध इतिहास, जीवंत संस्कृति,ए प्राकृतिक सौंदर्य और अनुकूल औद्योगिक वातावरण के साथ निवेश के लिए एक आदर्श स्थान है। राज्य सरकार निवेशकों को आकर्षित करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने गुजराती उद्योगपतियों से राजस्थान में निवेश करने का आह्वान करते हुए कहा कि वे राजस्थान में निवेश करें राज्य सरकार हरसंभव मदद करेगी।

उन्होंने कहा कि गुजरात के समान ही राजस्थान में भी निवेश की अपार सम्भावनाएं हैं। यहां खनन, पर्यटन, ऊर्जा, कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण सूचना प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के अवसर उपलब्ध हैं। राजस्थान में निवेशकों के लिए भूमि अधिग्रहण की आसान प्रक्रिया, कर छूट, एकल खिड़की प्रणाली जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं एवं सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में युवा और कुशल श्रमशक्ति भी मौजूद है जो विभिन्न उद्योगों की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम है। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजनकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से रिश्ते मजबूत होते हैं और लोगो को एक.दूसरे के साथ काम करने का अवसर मिलता है कार्यक्रम में उपस्थित गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने कहा कि एक भारत.श्रेष्ठ भारत की पहल के माध्यम से देश के लोगों के बीच भावात्मक संबंधों को मजबूती मिल रही है। उन्होंने कहा कि आज देश.दुनिया में भारत की एक नई पहचान स्थापित हो रही है। उन्होंने जल प्रबंधन के लिए राजस्थान सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।इस अवसर पर राजस्थान के उद्योग एवं वाणि'य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, गुजरात के गृह राज्यमंत्री हर्ष सांघवी ने भी संबोधित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में अप्रवासी गुजराती भी मौजूद थे।

अजमेर से गुजराती समाज के सदस्यों ने की शिरकतः- बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित सदाकाल गुजरात कार्यक्रम.2024 में अजमेर से भी गुजराती समाज के 27 से अधिक महिला व पुरुष प्रतिनिधियों ने शिरकत की। गुजराती महामंडल के बैनर तले सचिव नितन मेहताए संयुक्त सचिव राजेश अंबानी समेत समस्त सदस्य बस के जरिए जयपुर पहुंचे।

## मुख्यमंत्री बालिका संबल योजना की राशि बढ़ाकर 30000 रुपए की



जयपुर। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मुख्यमंत्री बालिका संबल योजना के तहत दी जाने वाली राशि को 10 हजार रुपए से बढ़ाकर 30 हजार रुपए कर दिया है।दिया कुमारी ने समाज में लिंग भेद उन्मूलन और बालिका के जन्म को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री बालिका संबल योजना में दी जाने वाली राशि में इस बढ़ोतरी की वित्तीय स्वीकृति दी है। योजना में पहली एवं दूसरी बालिका के जन्म पर और उसके बाद नसबंदी करवाने की स्थिति में यह राशि दी जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 21 वर्ष की अवधि किए जाने की भी स्वीकृति दी है। उल्लेखनीय है कि सुकन्या समृद्धि योजना का लाभार्थी खाता 25 हजार रुपए की राशि से खोला जाएगा। जिसके अंतर्गत प्रति वर्ष 250 रुपए बालिका के खाते में जमा कराए जाएंगे। ये राशि बालिका के नाम पर बानाई गई एफडीआर राशि तीन हजार 500 रुपए के ब्याज से जमा होगी। एफडीआर का अधिक ब्याज बालिका के 500 रुपए से खोले गए बचत खाते में जमा होता रहेगा। 21 वर्ष पश्चात यह राशि एक लाख 47 हजार 542 होना संभावित है। इस योजना के अंतर्गत दो लाख का दुर्घटना बीमा भी देय है जो 21 वर्ष की अवधि के पश्चात भी निरंतर लागू रहेगा। उन्होंने आशा सहयोगिनियों को तोहफा देते हुए उनके मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि को भी वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। यह मानदेय वृद्धि आगामी एक अप्रैल से लागू हो जाएगी। जिसमें आशा सहयोगिनियों को चार हजार 98 के स्थान पर चार हजार 508 रुपए की राशि दी जाएगी।

## अलवर में चार लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी मामले में तीन अरेस्ट

अलवर। राजस्थान में अलवर के साइबर थाना पुलिस ने भारतीय डिजिटल सेवा केंद्र की रिटेलर डिस्ट्रीब्यूटर की आईडी का झांसा देकर चार लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में चूरू के सुभाष चंदए अलवर निवासी डालचंद और नीरज है। इसमें ऑनलाइन ठगी करने वाली फर्म का डायरेक्टन भी शामिल है। पुलिस ने उनके कब्जे से ऑनलाइन ठगी करने वारदात में उपयोग में लिए गए 20 मोबाइल फोन 11 सिमए सात लैपटॉप एवं दो बैग बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों ने पुछताछ में बताया कि अब तक इस प्रकार की करीब 150 वारदात करना की है। पुलिस ने बताया कि अलवर के चिकानी निवासी विक्रांत कुमार ने छह मार्च को साइबर थाना पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने अपनी फेसबुक आईडी पर भारतीय डिजिटल सेवा केंद्र पेज पर एक डिजिटल विज्ञापन देखा। जिसमें रिटेलर या डिस्ट्रीब्यूटर बनने के लिए टोल फ्री नंबर दिया हुआ था लाइक करने पर उसके पास एक व्यक्ति ने खुद को भारतीय डिजिटल सेवा केंद्र का कर्मचारी बात कर उसे रिटेलर एवं डिस्ट्रीब्यूटर आईडी उपलब्ध कराने के नाम पर ऑनलाइन एक लाख 86 हजार की ठगी कर ली।आरोपियों ने उसके दोस्त कठूमर निवासी अनिल से डेढ़ लाख रुपएए तिजारा निवासी सूरत से एक 16500 और भरतपुर निवासी बॉबी से तीस हजार ठग लिए। पुलिस आरोपियों की कॉल डिटेल और बैंक खाता को खंगाल में जुटी हुई है ताकि अन्य वारदातों का खुलासा हो सके और इस गिरोह में कितने लोग और शामिल हैं जिन्हें पकड़ा जा सके।

## उज्जैन में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी ऐप पर साइबर अटैक




उज्जैन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश के उज्जैन में स्थापित जिस विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का वर्चुअल लोकार्पण किया थाए उस पर साइबर अटैक हुआ है।दरअसल महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा आज इसका पूर्व घोषित विक्रमादित्य वैदिक घड़ी नाम से फ्री मोबाइल ऐप जारी किया जाना था। इस वैदिक घड़ी को निर्मित करने वाले आरोह श्रीवास्तव का कहना है कि इस हमले को तकनीकी भाषा में डीडीओएस अटैक कहा जाता हैए जिससे विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के सर्वर की प्रोसेस धीमी हो रही है और आम लोग इसका उपयोग नहीं कर पा रहे है। आरोह ने इस अटैक की साइबर पुलिस में शिकायत दर्ज करने के लिए संस्थान प्रमुख से कहा है।आरोह के अनुसार इंटरनेट और जीपीएस से जुड़ी होने के कारण दुनिया में कहीं भी इसका उपयोग किया जा सकता है। यह दुनिया की पहली ऐसी डिजिटल वैदिक घड़ी है जो इंडियन स्टैंडर्ड टाइम भारतीय पंचांग और मुहूर्त की जानकारी देती है। इसको मोबाइल और टीवी पर भी सेट किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का ऐप हिंदी, अंग्रेजी अन्य भारतीय व विदेशी भाषाओं में तैयार किया जा रहा है।महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ निदेशक श्रीराम तिवारी ने बताया कि विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के ऐप पर जो साइबर अटैक हुआ है उस संबंध में हम साइबर सेल में शिकायत दर्ज करवा रहे हैं।

## तंजानिया के जंजीबार में समुद्री कछुए का मांस खाने से 8 लोगों की मौत

ज़ांज़ीबार। तंजानिया के ज़ांज़ीबार में पेम्बा द्वीप के पांजा आइलेट पर समुद्री कछुए का मांस खाने से कम से कम आठ बच्चों की मौत हो गई जबकि 78 वयस्क बीमार पड़ गए।मकोनी जिला चिकित्सा अधिकारी हाजी बकरी हाजी ने कहा कि एक चिकित्सा प्रयोगशाला में जांच किए गए नमूनों से पुष्टि हुई कि पीड़ितों की मौत समुद्री कछुए का मांस खाने के बाद हुई। हाजी ने कहा कि पीड़ितों ने मंगलवार को समुद्री कछुए के मांस खाया था लेकिन फटकार के डर से शुक्रवार तक अधिकारियों को घटना की सूचना नहीं दी गई थी।मार्च 2023 में तंजानिया के हिंद महासागर द्वीप माफिया पर समुद्री कछुए का मांस खाने के बाद सात लोगों की मौत हो गई थी जबकि आठ अन्य बीमार पड़ गए थे।तंजानिया के माफिया द्वीप पर ब्वेनी गांव के अध्यक्ष जुमा खतीबू ने कहा था कि पीड़ितों ने मछुआरों से समुद्री कछुए का मांस खरीदा था और इसे खाया था। उन्होंने मांस के जहरीले होने की आशंका व्यक्त की थी।



## गंगनहर प्रणाली में ऑटोमेशन एवं स्काडा की स्थापना को मिली मंजूरी



जयपुर। जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने कहा कि गंगनहर प्रणाली में अत्याधुनिक ऑटोमेशन एवं स्काडा स्थापित किया जाएगा। इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा 695 करोड़ रुपए की परियोजना स्वीकृत की गई है।रावत ने बताया कि यह कार्य होने से अंतिम छोर तक के किसानों को सिंचाई के लिए पूरा पानी मिलेगा और प्रथम चरण में मुख्य नहर एवं चार वितरिकाओं के एक लाख हेक्टेयर सिंचित क्षेत्र को इसका लाभ मिलेगा।

उन्होंने बताया कि गंगनहर प्रणाली में पानी के सदुपयोग के साथ जल प्रबंधन में सुधार, समान जल वितरण, परिचालन और सिंचाई क्षमता में वृद्धि के मद्देनजर ईआरएम परियोजना के राहत गंगनहर फीडर एवं गंगनहर प्रणाली की 4 वितरिकाओं का नवीनीकरण और आधुनिकीकरण का कार्य किया जाना है।

परियोजना का उद्देश्य गंगनहर प्रणाली में 1.09 लाख हेक्टेयर सीसीए के लिए अत्याधुनिक स्काडा आधारित ऑटोमेशन को लागू करना है। परियोजना के तहत गंगनहर प्रणाली की विभिन्न नहरों की सिंचाई क्षमता को 79ः से बढ़ाकर 86Ú5 हो जाएगी।रावत ने बताया कि गंगनहर की मुख्य नहर. खखां हैड से डाबला हैड तक गंगकैनाल पर स्थापित सभी 32 क्रॉस रेगुलेटर एवं हेड रेगुलेटर को नए सौर ऊर्जा संचालित ऑटोमैटिक गेटों का नवीनीकरण किया जाएगा। गंगनहर प्रणाली की जेडए बीबीए जीजी और एफब्रांच और वितरिकाओं पर आधुनिक क्रॉस रेगुलेटर तथा इनके सभी चकों के आउटलेट्स पर नए सौर ऊर्जा संचालित ऑटोमैटिक गेट स्थापित जाएंगे।रावत ने बताया कि जल संसाधन विभाग भारत सरकार की परियोजना सलाहकार समिति की बैठक शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय जल शक्ति मंत्री की सचिव देवाशीष मुखर्जी ने की। बैठक में केंद्रीय जल आयोग के चेयरमैन खुशविंदर बोहरा भी उपस्थित रहे।सचिव ने राजस्थान की परियोजना को स्वीकार करते हुए निर्देश दिए कि माइक्रो सिंचाई को सिंचित क्षेत्र में बढ़ावा दिया जाए। प्रदेश की ओर से मुख्य अभियंता भुवन भास्कर और हनुमानगढ़ के

# कोटा में शिव बारात में करंट फैलने से करीब डेढ़ दर्जन बच्चे झुलसे

कोटा। राजस्थान में कोटा जिले के कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर्व पर शुक्रवार को निकाली जा रही शिव बारात में करंट फैल जाने से करीब डेढ़ दर्जन बच्चे झुलस गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार महाशिवरात्रि के मौके पर क्षेत्र में सगतपुरा में शिव बारात निकाली जा रही थी।

इसी दौरान झंडों का पाइप बिजली के तारों के संपर्क में आने से यह हादसा हो गया। और इसमें कई बच्चे धार्मिक झंडा लेकर चल रहे थे। इस दौरान पाइप वहां से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया और शिव बारात में करंट फैल गया। घायल बच्चों को एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां एक बच्चे की हालत गंभीर बताई जा रही हैं।



### विद्युत हादसे की होगी विस्तृत जांच: भजनलाल

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कोटा जिले में हुए विद्युत हादसे पर दुःख व्यक्त करते हुए बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की हैं और कहा है कि इसकी विस्तृत जांच कराई जाएगी।शर्मा ने प्रशासन को घायल बच्चों को तुरंत सहायता प्रदान करने और हादसे में घायल बच्चों को सर्वश्रेष्ठ इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। साथ ही प्रशासन को यह भी निर्देश दिए कि बच्चों के इलाज में किसी भी प्रकार की कोताही ना बरती जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हादसे के सभी पहलुओं को ध्यान में रख जांच कराई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा की वे आवश्यक सभी कार्यवाही करें जिससे भविष्य में ऐसा दुःखद हादसा पुनः घटित ना हो।

### करंट हादसे के मामले की विभागीय जांच के निर्देश

राजस्थान के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने शुक्रवार को कोटा के सकतपुरा में करंट की चपेट में आने से बच्चों के झुलसने के मामले की विभागीय जांच के निर्देश दिए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही नागर कोटा के एमबीएस अस्पताल पहुंचे और वहां भर्ती बच्चों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूछी। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को बच्चों के बेहतर उपचार एवं देखभाल के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि शिवरात्रि पर शिव बारात निकाली जा रही थी कि इसी दौरान उनके हाथों में लिए झंडों का पाइप बिजली के तारों के संपर्क में आने से यह हादसा हो गया।

## महिला दिवस पर पीएम आवास योजना शहरी के पात्र लाभार्थियों को मिली बकाया किश्त

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महिला दिवस के मौके पर प्रदेश की महिलाओं को तोहफा देते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना.शहरी के तहत प्रदेश के पांच हजार से अधिक पात्र लाभार्थियों ;जिनमें अधिकांश महिला लाभार्थी शामिल को उनकी बकाया किश्तों के रूप में 26.87 करोड़ रुपए का भुगतान किया है।



इससे उनके पक्के मकान का सपना पूरा हो रहा है। शर्मा के निर्देश और स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा के नेतृत्व में महिला दिवस पर राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना.शहरी के पात्र लाभार्थियों को उनकी बकाया प्रथम द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ किश्त का भुगतान किया गया। शर्मा ने इस संबंध में पहले ही निर्देश जारी कर दिए थे। स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत निदेशक सुरेश ओला ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने की योजना बनाकर अधिकारियों को निर्देश दिए और लगातार मॉनिटरिंग की। इसके तहत कुल 25.59 करोड़ रुपए खर्च का लक्ष्य रखा गया था जिसको पूरी टीम ने 26.87 करोड़ रुपए खर्च कर हासिल कर लिया। महिला दिवस शुक्रवार को सभी पात्र लाभार्थियों के खातों में राशि ट्रांसफर कर दी गई।

## Impacting Healthcare's Future

## Cureus India Symposium Drives Innovation and Collaboration in Medical Research and Publishing

The event highlighted Cureus commitment to open access, transparency, and collaborative efforts in advancing healthcare research being the largest open access medical journal in India

Key healthcare leaders, including Prof. BN Gangadhar, Chairman of the National Medical Commission, India and Dr Sandeep Aggarwal, Professor at the Department of Surgical Disciplines, AIIMS discussed challenges and innovative strategies in medical research and publishingThe symposium facilitated valuable networking and collaboration opportunities to drive forward the landscape of medical science and publishing in IndiaTop of Form

The Cureus Journal of Medical Science, well known for its pioneering open-access publishing platform and part of the Springer Nature Group, successfully concluded its Cureus India Medical Science & Publishing Symposium: Innovating for Tomorrow. The symposium, held in New Delhi on March 7th, 2024, was aimed at addressing the expanding landscape of healthcare research in India.



Left to Right: Venkatesh Sarvasiddhi, Managing Director, Springer Nature India Private Limited, Prof. John R. Adler, Founder, Cureus Journal of Medical Science, Dr. B N Gangadhar, Chairman National Medical Commission, India

## प्रकाशेश्वर महादेव मंदिर में महाआरती का आयोजन

अजमेर। स्वामी कॉम्पलेक्स परिसर में स्थित प्रकाशेश्वर महादेव मंदिर में शिवरात्रि के पावन पर पूजा अर्चना शिव की आराधना महाआरती की गई। कंवल प्रकाश किशनानी ने बताया कि मंदिर में भजन व महाआरती के साथ मंदिर के पूजारी द्वारका प्रसाद ने पूजा अर्चना कराकर शिव परिवार को भोग लगाकर सभी को प्रसाद वितरण किया। इस अवसर कॉम्लेक्स दुकानादारों सहित प्रियंका, गायत्री, गौरांग, निवृत सहित दीलिप चंदनानी, महेश भोजवानी नरेन्द्र देवनानी, नितेश,प्रकाश, आदर्श गुर्जर, केशव नाथ, विष्णु अवतार भार्गव आदि उपस्थित थे।

## एक डमी परीक्षार्थी पकड़ा एक नकल का प्रकरण दर्ज

अजमेर। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की सीनियर सैकण्डरी परीक्षा में शनिवार को दी प्रकरण दर्ज हुए। इनमें एक प्रकरण डमी परीक्षार्थी का तथा एक प्रकरण नकल का दर्ज किया गया। बोर्ड सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक पदमपुरा गंगापुर सिटी में परीक्षार्थी के स्थान पर डमी परीक्षार्थी परीक्षा देते हुए पकड़ गया। उसके विरूद्ध एफआईआर दर्ज करवा दी गई है। इसी तरह महात्मा गांधी सेठ सूरजमल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फुलेरा में एक परीक्षार्थी को नकल करते पकड़ गया।

## वासुदेव देवनानी ने संत गोविंद गिरी से लिया आशीर्वाद

अजमेर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को अयोध्या से पुष्कर आए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के कोषाध्यक्ष संत गोविंद गिरी से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। देवनानी ने संत गिरी का माला पहनाकर और शाल ओढ़ाकर अभिनंदन किया। देवनानी ने संत गिरी को राजस्थान विधानसभा का कैलेंडर भेट किया। संत गिरी ने देवनानी को श्री रामकथाम्रत पुस्तक की प्रति भेंट की। उल्लेखनीय है संत गोविंद गिरी इन दिनों पुष्कर प्रवास पर हैं।

## वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण में 5 करोड़ से अधिक की क्षतिपूर्ति पारित

अजमेर। राष्ट्रीय लोक अदालत के अन्तर्गत शनिवार को वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण के द्वारा न्यायाधीश नीरज कुमार भारद्वाज के निर्देशन में 5 करोड़ 10 लाख से अधिक राशि की क्षतिपूर्ति जारी की गई। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में रिकॉर्ड 84 प्रकरण निस्तारित किए गए। रीडर महेन्द्र प्रजापत एवं स्टेनो विनोद कुमार तथा अधिवक्तागणों के सहयोग से यह कीर्तिमान बना।

**समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-**

मो. +91 9887907277, 7737385114

Email ID

sabgurunews@gmail.com

अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.

जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.

# कबाड़ में पड़ी कार का रिनोवेट के बाद विंटेज लुक नाम रखा क्लब क्वीन

अजमेर। राजस्थान में उत्तर.पश्चिमी रेलवे के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक सुनील कुमार महला ने वेस्ट से बेस्ट कहावत को चरितार्थ करते हुऐ अजमेर स्टेशन पर पड़ी कबाड़ कार को रिनोवेट कर नया विंटेज रूप देकर उल्लेखनीय काम किया है। उन्होंने कार को नया नाम क्लब क्वीन भी दिया है।

महला के अनुसार रेलवे स्टेशन पर कबाड़ पड़ी जर्जर विंटेज लुकिंग गोल्फकार्ट का रिनोवेशन करवा उसे बेस्ट बनाया गया है। यह ई.रिक्शा से काफी भारी और मजबूत है। रेलवे स्टेशन पर निरीक्षण के दौरान कबाड़ में पड़ी हुई गोल्फकार बिल्कुल जर्जर अवस्था में थी।




रेलवे स्टेशन पर कर्मचारियों से उसके बारे में पूछा गयाए तो उन्होंने बताया कि यह कार कई वर्षो से कबाड़ में पड़ी हुई है। कबाड़ से गोल्फ कार को निकलवाया गया और उसे स्थानीय मैकेनिक को दिखाया गया। मैकेनिक ने गोल्फकार को ठीक भी किया और विंटेज लुक भी दिया। लेकिन अब इसका उपयोग कैसे और कहां किया जाए इसको लेकर विचार विमर्श हुआ।रेलवे स्टेशन पर इसके आकार के कारण इसका उपयोग नहीं हो सकता ऐसे में विचार आया कि रेलवे की हेरिटेज इमारतों को दिखाने में इसका उपयोग किया जा सकता है। अब इसको ऑफिसर क्लब में रखने का विचार है ताकि जब भी रेलवे अधिकारी क्लब में विजिटर या निरीक्षण अधिकारी करेंगेए तब उन्हें इस विंटेज कार में बैठाकर रेलवे अधिकारी क्लब सहित हेरिटेज बिल्डिंग का निरीक्षण कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस कार की खासियत इसकी बनावट है। इसके आगे की ओर पुराने जमाने के ट्रकनुमा शेप दिया गया है। टायरों के ऊपर आकर्षक मडगार्ड है जो इसको विंटेज लुक देते हैं। पुरानी होने के बावजूद क्लब क्वीन काफी वजनी और मजबूत है। इसको कंट्रोल करना काफी आसान है। इसमें एक ही बटन से इसे आगे और पीछे किया जा सकता है। ब्रेक और चलाने के लिये रेस पैडल हैं। साइड में हैंड ब्रेक हैं। चार लोग आराम से इसमें सैर कर सकते हैं। इस विंटेज कार में चार नई बैटरी लगाई गई हैं। सभी पुरानी और खराब लाइट को चेंज कर दिया गया है।

# धार्मिक मेले आध्यात्मिक संस्कृति को बढ़ाने के वाहक -सुरेश रावत

अजमेर। पारंपरिक तौर पर धार्मिक मेलों का महत्व अपने धर्म और परम्पराओं को निकट से जानने.समझने में तो है ही अपने भीतर धर्म और अध्यात्म का भाव पैदा करने की कोशिश में भी है। यह बात प्रदेश के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कही। शुक्रवार को जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर ग्राम आंबा मशीनिया में आयोजित विशाल शिव मेले में मुख्य अतिथि के रूप मेशिरकत की। मेले में पहुंचने से पूर्व ग्राम पालरा डुमाड़ा नदी द्वितीय में जल संसाधन मंत्री रावत का ग्राम वासियों द्वारा भव्य अभिनंदन किया गया। मंत्री रावत ने सभी ग्राम वासियों का तहे दिल से आभार ज्ञापित किया। इसके बाद जल संसाधन मंत्री आंबा मशीनिया मेले और नौलखा में पहुंचे। जहां पर विशाल संख्या में ग्राम वासियों और उपस्थित धर्म प्रेमियों ने भव्यता से जल संसाधन मंत्री का अभिनंदन किया। मंत्री रावत ने शिव मंदिर में शिव परिवार पर जल चढ़ाकर पूजा अर्चना भी की और सभी को महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धार्मिक आयोजनों से आपसी सदभाव आत्मिक शान्ति और संतोष का भाव मिलता है। पिछले युगों के अर्जित ज्ञान को ग्रहण कर अगली पीढ़ियों तक पहुंचाने का कार्य होता है।जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने पुष्कर के चित्रकूट धामए ब्रह्मा सावित्री वेद विद्यापीठ और माली समाज मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया और महाशिवरात्रि के पावन पर्व की सभी को शुभकामनाएं दी।

### महाशिवरात्रि पर आंबा मशीनिया गांव में विशाल शिव मेला



### अबकी बार 400 पार की कामना

जल संसाधन मंत्री रावत ने भगवान शिव के शिवलिंग पर जलधार करके पूजा अर्चना कर प्रदेश और देशवासियों के शांतिप सौहार्दपूर्ण और निरोगी जीवन सहित भगवान महादेव से आगामी लोकसभा चुनाव में देश में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा को अबकी बार 400 पार सीटें मिलने की कामना की साथ ही ब्रह्म सावित्री वेद विद्यापीठ पुष्कर में महाशिवरात्रि और वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के कोषाध्यक्ष गोविंद गिरी महाराज से भेंट कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल, पुष्कर नगरपालिका अध्यक्ष कमल पाठक भी उपस्थित रहे।

# महिला वंदन समारोह: स्वच्छता सैनानियों व प्रतिभाओं का सम्मान

अजमेर। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर निगम की ओर से शुक्रवार को जेएलएन मेडिकल कॉलेज के डा. भीमराव अम्बेडकर सभागार में महिला वंदन समारोह आयोजित किया गया।मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी व जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कार्यक्रम में पीएम आवास व पीएम स्वनिधि के लाभार्थियों को नुदान राशि के चैक प्रदान किए तथा स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली संस्थाओं व व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर ब्रजलता हाडा ने की। इस अवसर पर कलक्टर व नगर निगम आयुक्त ने स्वच्छता सैनानियों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए। समारोह को सम्बोधित करते हुए देवनानी ने कहा कि ये हम सब का अजमेर है इसे स्वच्छ रखने का दायित्व हमारा है। स्वच्छता में महिलाओं का सबसे बड़ा योगदान होता है। महिला दिवस के उपलक्ष्य में नारी वंदन करना हमारा सौभाग्य है। भारत में भी सर्वप्रथम नारी को ही पूजा जाता है। भारत में नारी का बहुत अधिक महत्व है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की महिलाओं की पीड़ा को समझा और महिलाओं के लिए काफी योजानाएं प्रारम्भ की। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि महिला दिवस पर नारी शक्ति को वंदन करता हूं। हमारे देश की राष्ट्रपति भी महिला है। हमारे देश में कोई भी कार्य नारी के बिना संभव नहीं है। हमारे देश की महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में नए आयाम स्थापित कर रहीं हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है तथा देश में महिलाओं का सम्मान बढा है।





कार्यक्रम में अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी, कलक्टर डॉ.भारती दीक्षित, नगर निगम महापौर डॉ. ब्रजलता हाड़ा, नगर निगम आयुक्त देशलदान, जेएलएन मेडिकल कॉलेज अजमेर के उप प्रधानाचार्य डॉ. एसके भास्कर स्वच्छता सैनानी व लाभार्थी उपस्थित थे।

## अजमेर में 20 करोड की लागत से रोडवेज बस स्टैंड का नवीनीकरण

अजमेर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासूदेव देवनानी की पहल पर 20 करोड़ रुपए की लागत से अजमेर के केन्द्रीय रोडवेज बस स्टैंड का नवीनीकरण कराया जाएगा।

देवनानी ने शनिवार को कलक्टर डॉ. भारती दीक्षित तथा रोडवेज अधिकारियों के साथ मौका निरीक्षण कर बस स्टैंड को रिनोवेट करने के प्लान पर चर्चा की और आवश्यक दिशानिर्देश दिए।देवनानी ने बताया कि आगे 50 साल की आवश्यकता को देखते हुए अजमेर के बस स्टैंड को नए स्वरूप में विकसित करने के लिए यहां के वर्कशॉप को जयपुर रोड घूघरा घाटी की जमीन पर स्थानांतरित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि बस स्टैंड को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए यहां दुकानों, पेट्रोल पंप, बैंक, एटीएमए व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाना प्रस्तावित है। बस स्टैंड के प्रथम तल पर रोडवेज का प्रशासनिक कार्यालय तथा बेसमेंट में पार्किंग विकसित की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277